के लिए ले जाया जा रहा था और इसे किस व्यक्ति को दिया जाना था और इसका पूरा ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की अब तक जमानत हुई है या नहीं ; और

(ङ) क्या सरकार नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार की बुराई को समाप्त करने के लिए ऐसे अपराधों को अजमानतीय बनाने पर गंभीरता से विचार कर रही है ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम) : (क) जी हां, श्रीमान ।

(ख) जब्त की गई नशीली औषधों का मूल्य बिक्री के स्थान तथा शुद्धता की प्रतिशतता के अनुसार अलग-अलग होता है तथा इसका सही अनुमान नहीं लगाया जा सकता ;

(ग) तथा (घ) एक व्यक्ति विजय द्वारा शशिभूषण को हेरोइन दी गई थी और इसको किसी अज्ञात व्यक्ति को सौंपा जाना था । अभियुक्त शशिभूषण न्यायिक हिरासत में है ।

(ङ) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के उपबंधों के अनुसार एन० डी० पी० एस० अधिनियम, 1985 के अधीन नशीली औषध के अधिकांश अपराध गैर-जमानतीय है ।

दिल्ली में पुलिस कार्मिक

2511. **श्री शरद यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में पुलिस कार्मिकों की संख्या कितनी है और इनमें से कितने कार्मिक सुरक्षा प्रबंधों में लगे हुए हैं ; और

(ख) सरकार ने 1984 से मार्च, 1988 के दौरान दिल्ली पुलिस पर कुल कितना व्यय किया तथा उसी अवधि के दौरान सुरक्षा प्रबंधकों पर कितनी धन-राशि व्यय की गई ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम) : (क) दिल्ली पुलिस की कुल संख्या 37,703 में से 4781 कार्मिक सुरक्षा प्रबंधों में लगे हुए हैं ।

(ख) कुल खर्च लगभग 364 करोड़ रुपए में से लगभग 30 करोड़ रुपए सुरक्षा प्रबंधों पर खर्च किये गए हैं ?

Steps to minimise the possibilities of stinger missiles reaching terrorists

2512. SHRI KISHAN KUMAR BIRLA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the report appearing in the *Times of India* dated 29th June, 1988 regarding the probability of the American stinger missiles intended for Afghan guerillas ending up on blackmarket in the international market; and

(b) if so, keeping in view the use of rockets by the Punjab terrorists, what steps are contemplated by Government to check the entry of stinger missiles into the country and their falling into the hands of the terrorists in the event of their ending up black market in the international market?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) Yes, Sir.

(b) There is no confirmed report of American-made Stinger missiles finding their way to India. However, security agencies have been alerted on the possibility of Stinger missiles and other deadly arms falling into the hands of terriorists.

2513. [*Transferred to the 19th August*, 1988].